
# Result Mitra IAS/PCS Daily Magazine Content

## मैक्सिको की खाड़ी

### ➢ हालिया संदर्भ :

- USA के नव–निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा है कि वे मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर 'अमेरिका की खाड़ी' के देंगे।
- यह ट्रंप के कुछ उन शत्रुतापूर्ण बयानों में शामिल है, जिसमें ट्रंप ने अपने पड़ोसियों को निशाने पर लिया है।
- ट्रंप ने हाल ही में ग्रीनलैंड एवं पनामा नहर पर नियंत्रण की धमकी देने के अलावा कनाडा को USA का 51वां राज्य भी बताया है।



### ➢ मैक्सिको पर निशाना :

- ट्रंप का मैक्सिको के संबंध में यह बयान मैक्सिको के साथ व्यापार घाटे एवं अवैध आव्रजन के मुद्दों के खिलाफ एक हमले के रूप में देखा जा सकता है।
- ट्रंप ने कहा कि USA मैक्सिको की बहुत मदद करता है तथा नाम–परिवर्तन एक बदलाव के जैसा होगा।

- मैक्सिको कि राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम (पहली महिला राष्ट्रपति) ने ट्रंप को जवाब देते हुए कहा कि USA का नाम बदलकर "मैक्सिकन अमेरिका" कर देना चाहिए, जिसका संदर्भ 17वीं शताब्दी के कुछ मानचित्रों में मिलता है।

## ➢ अमेरिका की उत्पत्ति :

- 'अमेरिका' नाम की उत्पत्ति के बारे में कई सिद्धांत हैं लेकिन इसका पहला दस्तावेजित उपयोग सर्वमान्य सिद्धांत है।
- *** क्रिस्टोफर कोलंबस ने 1492 में अमेरिका को खोजा तो उन्हें पता नहीं था कि उन्होंने एक अलग महाद्वीप की खोज की है, जिसका पता यूरोप के ज्यादातर लोगों को नहीं था।

  **Note :–** कोलंबस से लगभग 500 वर्ष पूर्व ही वाइकिंग्स ने उत्तरी अमेरिका के कुछ भागों की खोज कर ली थी।

- *** 16 वीं शताब्दी के पहले दशक में इतावली नागरिक अमेरिगो वेस्पुची अमेरिका पहुंचे एवं अपने पत्रों में पहली बार नई दुनिया का उल्लेख किया।
- *** बाद में मैथियास रिंगमैन एवं मार्टिन वाल्डेसिमुलर ने दुनिया का एक नक्शा बनाया, जिसमें अमेरिगो नाम के नाम से प्रेरित होकर क्षेत्र का नाम 'अमेरिका' दिया गया।

## ➢ मैक्सिको का नामकरण :

- इसका नामकरण एक शक्तिशाली साम्राज्य के नाम पर हुआ है, जो कभी इस क्षेत्र पर नियंत्रण करता था।
- यह नाम एज्टेक द्वारा बोली जाने वाली नाहुआट्ल भाषा से लिया गया है, जिन्होंने 14–16वीं शताब्दी तक इस पर शासन किया।
- मैक्सिको की सरकारी वेबसाइट के अनुसार, इसका नामकरण टेनोचिट्लान नामक शहर को संदर्भित करता है, जो टेक्स्टकोको नामक झील पर स्थित था, जिसे मून लेक भी कहा जाता था।

- *** मैक्सिको का आधिकारिक नाम पहली बार वर्ष 1824 में घोषित हुआ था, जो संयुक्त राज्य अमेरिका की तर्ज पर 'संयुक्त मैक्सिकन राज्य' है क्योंकि यह भी कई राज्यों का एक संघ है।

## मैक्सिको की खाड़ी का नामकरण :

- इस खाड़ी का नाम पहली बार 16वीं शताब्दी में स्पेनिश खोजकर्ताओं द्वारा इस्तेमाल किए गए मानचित्रों पर मिला था, जो USA की स्थापना से बहुत पहले की बात है।
- शीबनाम ने 1607 ई. का एक मानचित्र प्रदर्शित किया, जिसमें 'मैक्सिको की खाड़ी' शामिल था।

## खाड़ी का महत्व :

- यह USA के लिए विशेषकर ऊर्जा संसाधनों की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।
- आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, इस खाड़ी से उत्पादित अपतटीय तेल की मात्रा कुल अमेरिकी कच्चे तेल उत्पादन का 14% है, साथ ही अपतटीय प्राकृतिक गैस का उत्पादन कुल अमेरिकी प्राकृतिक गैस का 5% है।
- इसके अलावा कुल अमेरिकी पैट्रोलियम रिफायनिंग क्षमता एवं कुल अमेरिकी प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण क्षमता का क्रमशः 48% एवं 51% खाड़ी तट पर स्थित है।

## नाम में परिवर्तन :

- खाड़ी के नाम में परिवर्तन करना अमेरिका के एकतरफा निर्णय से संभव नहीं है और अन्य देशों को बदले हुए नाम (अगर USA बदल देता है) से सहमत होने की बाध्यता भी नहीं है।
- *** अंतर्राष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक संगठन (IHO) यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि दुनिया के सभी समुद्रों, महासागरों एवं नौगम्य जल का सर्वे एवं चार्ट व्यवस्थित रूप से तैयार हो, साथ ही यह उनमें से कुछ विशिष्ट क्षेत्रों का नाम भी रखता है।

- दुनिया भर में ऐसे कई उदाहरण है, जहां अलग-अलग देशों ने अपने-अपने दस्तावेजों में किसी एक ही जल निकाय या स्थल चिन्हों को अलग-अलग नाम से संदर्भित किया है।
- दक्षिण चीन सागर की ही बात करें तो कई सीमावर्ती देशों ने इसके अलग-अलग नाम बता कर इस पर अतिव्यापी दावे किए हैं।
- जहां तक मैक्सिको का संबंध है तो न ही इससे संबंधित कोई विवाद है और न ही ट्रंप से पहले किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने ऐसा कोई बयान दिया था।
- *** IHO के निदेशक के अनुसार, समुद्री क्षेत्रों के नामकरण के लिए कोई औपचारिक अंतरराष्ट्रीय समझौता या प्रोटोकॉल नहीं है।

## ➢ अंतर्राष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक संगठन :

- यह मूलतः 1921 में अंतरराष्ट्रीय जल सर्वेक्षण ब्यूरो के रूप में स्थापित किया गया था, जिसका नाम 1970 में परिवर्तित कर दिया गया।
- वर्तमान में इसके लगभग 80 सदस्य राष्ट्र हैं, जिसमें USA, मैक्सिको के साथ-साथ भारत भी शामिल है।
- इसे UNO में पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है।
- यह एक अंतर–सरकारी संगठन है जो दुनिया भर के समुद्रों, महासागरों एवं नौकागम्य जल निकायों का सर्वेक्षण एवं मानचित्रण करता है तथा यह सुरक्षित समुद्री पर्यावरण एवं नौवहन की भी सुनिश्चितता में योगदान देता है।

## ➢ *** मैक्सिको की खाड़ी :

- एक बड़ा अंडाकार महासागरीय बेसिन है जो उत्तरी अमेरिका के दक्षिण–पूर्वी तट पर स्थित है।
- उत्तर–पूर्व एवं उत्तर–पश्चिम में यह अमेरिकी राज्यों जबकि दक्षिण एवं दक्षिण–पश्चिम में मैक्सिकन राज्यों से घिरा हुआ है।
- इसके दक्षिण–पूर्व में क्यूबा है।
- यह यूकाटन चैनल के द्वारा कैरेबियन सागर से जुड़ा है, जबकि फ्लोरिडा जलडमरूमध्य द्वारा अटलांटिक महासागर से जुड़ा हुआ है।

Result Mitra

- यूकाटन चैनल क्यूबा एवं मैक्सिको के बीच है, जबकि फ्लोरिडा जलडमरूमध्य क्यूबा एवं USA के बीच है।

  **Note :–** मैक्सिको की खाड़ी को 'अमेरिका का भूमध्य सागर' भी कहा जाता है।

**MCQ–1 :** विश्व भर में समुद्रों, महासागरों सहित अन्य नौगम्य जल निकायों के सर्वेक्षण, मानचित्रण एवं पर्यावरणीय सुरक्षा सुनिश्चित करने का कार्य जुड़ा है–

a) इंटरनेशनल हाइड्रोग्राफिक ऑर्गेनाइजेशन से,
b) विश्व महासागरीय सर्वेक्षण संगठन से,
c) विश्व मौसम विज्ञान संगठन से,
d) नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक प्रशासन से,

Ans.–(a)

**MCQ–2 :** असत्य कथन के आधार पर विकल्प को चुने–

1. भारत अंतरराष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक संगठन का सदस्य है।
2. यूकाटन चैनल एवं फ्लोरिडा जलडमरूमध्य का संबंध मैक्सिको की खाड़ी से है।
3. किसी समुद्र अथवा अंतरराष्ट्रीय जल निकायों के नाम परिवर्तन के लिए UN के चार्टर में विशिष्ट प्रोटोकॉल है।
4. क्रिस्टोफर कोलंबस से पूर्व किसी भी खोजकर्ता ने उत्तरी अमेरिका क्षेत्रों को नहीं खोजा था।

a) केवल 3
b) केवल 2 एवं 4
c) केवल 3 एवं 4
d) केवल 1 एवं 2

Ans.–(c)

Result Mitra


हम आपको रिजल्ट देने आये हैं.
Result Mitra
1- UPSC(IAS) COMPLETE GS -5999 ₹.
2- NCERT for IAS/PCS -2499 ₹
3- ESSAY for IAS/PCS- 2199 ₹
4- UPSC PRELIMS TEST SERIES - 1399 ₹
5- सभी राज्यों के लिए टेस्ट सीरीज - 1399 ₹
कोर्स या Test Series के लिए
WhatssApp कीजिये
9235313184, 9235446806